**टीम लीडर (एच.डब्ल्यू.सी.)/स्टेट मैनेजर, एफ0पी0एल0एम0आई0एस0/उपमहाप्रबन्धक, एम.आई.एस.**

कृपया पत्रावली में दाहिनी ओर रक्षित मिशन निदेशक, एन0एच0एम0, एस0पी0एम0यू0, उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या एस0पी0एम0यू0/एन0एच0एम0/एम0एण्ड0ई0/2020-21/18/7284-2 दिनांक 16.02.2021 का संदर्भ ग्रहण करना चाहें। उक्त पत्र में दिये गये निर्देशों के अनुपालनार्थ दिनांक 22.03.2021 से 24.03.2021 को राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई के नामित निम्न अधिकारियों द्वारा जनपद सम्भल का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया।

1. श्री अजय कुमार शर्मा, टीम लीडर, एच.डब्ल्यू.सी., कम्यु. प्रो.,एन.एच.एम.,एस.पी.एम.यू., लखनऊ।
2. श्री मो0 कासिफ, स्टेट मैनेजर, एफ.पी.एल.एम.आई.एस., एन.एच.एम., एस.पी.एम.यू., लखनऊ।

**सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या जनपद-सम्भल (दिनांक-22.03.2021 से 24.03.2021)**

जनपद का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण जिला नोडल अधिकारी-एच0डब्ल्यू0सी0, मण्डलीय एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 मैनेजर, डी0पी0एम0, डी0सी0पी0एम0, एम0एच0, कन्सलटेन्ट के साथ के साथ किया गया। भ्रमण इकाईयों का विवरण निम्नानुसार है –

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-बहजोई, जनपद-सम्भल**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| कोविड टीकाकरण की व्यवस्था संतोषजनक है, परन्तु लक्ष्य के सापेक्ष 50 प्रतिशत से कम लाभार्थियों का टीकाकरण किया जा रहा है। कोविड टीकाकरण का दैनिक लक्ष्य 300-400 का है, जिसके सापेक्ष प्रतिदिन 140-180 लाभार्थियों का टीकाकरण कराया जा रहा है। | कोविड टीकाकरण के लक्ष्य प्राप्ति हेतु जनमानस को जागरूक किये जाने की आवश्यकता है। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| एम्बुलेन्स सेवाओं के लाभार्थियों के रिकॉर्ड कीपिंग हेतु चिकित्सालय द्वारा बनाया जाने वाला रजिस्टर नही बनाया गया है तथा अधीक्षक द्वारा एम्बुलेन्स के PDRको सत्यापित नही किया जा रहा है। एम्बुलेन्स सेवाओं के वाहन एवं उपकरणों के भौतिक सत्यापन चिकित्सालय द्वारा नही कराया जा रहा है। | चिकित्सा अधीक्षक महोदय को एम्बुलेन्स सेवाओं के लाभार्थियों के रिकॉर्ड कीपिंग हेतु चिकित्सालय द्वारा बनाये जाने वाला रजिस्टर को अधीक्षक द्वारा सत्यापित करने एवं एम्बुलेन्स सेवाओं के वाहन एवं उपकरणों के भौतिक सत्यापन का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| चिकित्सा इकाई FRUइकाई के रूप में कार्य कर रही है। अभिलेखों का अवलोकन करने पर ज्ञात हुआ कि इकाई पर लाभार्थियों के प्रसव के दो से चार घण्टे के बाद डिस्चार्ज किया जा रहा है। | समान्य प्रसव में लाभार्थी को 48 घन्टे इकाई में रोकने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| इकाई में ए0एन0सी0 लाभार्थियों हेतु पृथक से व्यवस्था नहीं थी अपितु ओ0पी0डी0 में ही देखा जा रहा था। | इकाई में ए0एन0सी0 रजिस्टर पर ए0एन0सी0 की एण्ट्री नियमित रूप से किये जाने का सुझाव दिया गया। | सम्बन्धित स्टाफ |
| चिकित्सा इकाई परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक नही है। चिकित्सा परिसर मेंनिष्प्रयोज्य सामान इधर-उधर पड़ा है। | साफ-सफाई की व्यवस्था को मानकानुसार बनाये रखने तथा निष्प्रयोज्य सामान का नियमानुसार निस्तारण करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| JSSK रजिस्टर में प्रसव पश्चात लाभार्थी की एण्ट्री नही मिली।JSSK रजिस्टर अथवा प्रसव रजिस्टर | लाभार्थियों का अंकन ससमय किया जाये। रजिस्टरों का | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| में अंकित सूचनाओं में भिन्नता पायी गयी। | समय–समय पर सत्यापन करने का सुझाव दिया गया। | |
| चिकित्सा इकाई पर कन्डोम बॉक्स नही लगा था। | इकाई में यथा शीघ्र कंण्डोम बॉक्स लगाने तथा नियमित रूप से भरने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| बी0सी0पी0एम0 द्वारा आशाओं के पेमेण्ट वाउचर सत्यापित नही किया जा रहा है। | आशाओं के बिल पेमेन्ट वाउचर बी0सी0पी0एम0 द्वारा गहनता से सत्यापित किये जाए। | बी0सी0पी0एम0 |
| प्रसव कक्ष में इमरजेन्सी सेवन ट्रे सुव्यवस्थित नही थी। | प्रसव कक्ष में इमरजेन्सी सेवन ट्रे सुव्यवस्थित की जाए। | सम्बन्धित स्टाफ |

**प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, गुमथल, सम्भल**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सा इकाई पर प्रसव की सुविधा उपलब्ध नही थी। इकाई पर सिर्फ ओ0पी0डी0 की सुविधा उपलब्ध है। भ्रमण के समय कोई लाभार्थी उपलब्ध नही पाया गया। | नोडल अधिकारी एच0डब्लयू0सी0 द्वारा यथा शीघ्र इकाई पर प्रसव की सुविधा क्रियाशील करने हेतु अवगत कराया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| चिकित्सा इकाई के कमरे में साफ–सफाई का अभाव था। इकाई का समान अथवा बेकर समान इधर–उधर पडा हुआ था। | नियमित रूप से चिकित्सा इकाई की साफ–सफाई एवं कूड़े के उचित प्रबन्धन का सुझाव दिया गया है। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| चिकित्सा इकाई में गर्भ निरोधक सामग्री उपलब्ध थी। लेकिन किसी प्रकार का कोई रजिस्टर उपलब्ध नही है। | चिकित्सा इकाई में दी जाने वाली सुविधा के रजिस्टर जिले/ब्लाक से प्राप्त कर एन्ट्री करने हेतु निर्देशित किया गया है। | स्टाफ नर्स/फार्मासिस्ट |
| फार्मासिस्ट के द्वारा एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल/एप का उपयोग गर्भनिरोधक सामग्री के आदान प्रदान मे नही किया जा रहा है। गर्भनिरोधक सामग्री का स्टाक किसी अन्य ब्लॉक से मेनुअल प्राप्त किया जा रहा है। स्टाक की रख–रखाव की व्यवस्था उपयुक्त नही है। | समस्त गर्भ निरोधक सामग्री के लिए एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल/एप का उपयोग करने का उपयोग तथा निर्धारित स्थान से सामगी प्राप्त कर स्टाक के रख–रखाव की व्यवस्था/प्रबन्धन का सुझाव दिया गया। | फार्मासिस्ट |
| चिकित्सा इकाई में पीने के पानी की व्यवस्था नही है। | पीने के पानी की तत्काल व्यवस्था करने हेतु प्रभारी चिकित्साधिकारी को सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| चिकित्सा इकाई में कण्डोम बॉक्स नही लगा था। परिसर मे भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमो की आई0ई0सी0 अपर्याप्त थी | इकाई मे यथा शीघ्र कण्डोम बॉक्स लगाने एवं समस्त समस्त कार्यक्रमो की आई0ई0सी0 उचित स्थान पर लगाने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| चिकित्सा इकाई मे शिकायत पेटिका नही लगी थी। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी देखने को नही मिला। | शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेन्टेन करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर लैब टैक्नीशियन का पद रिक्त है। जिसके कारण लाभार्थियों की आवश्यक जाँचें नहीं हो पाती हैं। | लैब टैक्नीशियन की नियुक्ति के लिए जनपद स्तर पर सूचना प्रेषित करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| चिकित्साधिकारी एवं स्टाफ नर्स–सी0पी0 द्वारा प्रयोग किये जाने वाले लैपटाप व टैबलेट चिकित्सा इकाई में नहीं थे। | प्रभारी चिकित्साधिकारी महोदय को सुझाव दिया गया कि यथा शीघ्र लैपटाप व टैबलेट हेतु माँगपत्र जनपद स्तर पर प्रेषित करें। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |

**उपकेन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर–आटा,जिला–सम्भल**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर तैनात सी0एच0ओ0 द्वारा CBAC formके अनुसार Screening की जा रही है। भ्रमण की तिथि तक 3563 CBAC form भरे जा चुके थे एवं 161 लाभार्थियों की Screening की जा चुकी थी। | CBAC form के सापेक्ष Screening की संख्या कम है। सी0एच0ओ0 को Screening की संख्या बढ़ानें हेतु निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 |
| अतिरिक्त कक्ष में जल एवं विद्युत आपूर्ति नहीं है। | प्रभारी चिकित्साधिकारी को जल एवं विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर मधुमेह की औषधि की उपलब्धता नहीं थी। | मधुमेह की औषधि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। | सी0एच0ओ0 |
| उपकेन्द्र पर ए.एन.एम. द्वारा प्रसव कराया जा रहा है समस्त उपकरण एवं प्रसव कक्ष मानकनुसार नही पाये गये। | एम.एन.एच. टूल का अध्ययन करने व एस.बी.ए. प्रोटोकाल पोस्टर आदि लगवाने तथा प्रसव कक्ष मानकनुसार मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | ए.एन.एम. |
| परिसर मे साफ–सफाई एवं जानकारी देने वाले विभिन्न कार्यक्रमो की आई0ई0सी0 अपर्याप्त थी। | परिसर की निरन्तर साफ–सफाई एवं अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। | ए.एन.एम. |
| गर्भ निरोधक सामग्री उपकेन्द्र पर उपस्थित है लेकिन वितरण रजिस्टर उपलब्ध नही है।ए.एन.एम. द्वारा गर्भनिरोधक सामग्री के लिये एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल/एप का इस्तेमाल नही किया जा रहा है। | गर्भ निरोधक सामग्रीयो के लिये ए.एन.एम. को एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 पोर्टल/एप का इस्तेताल करने तथा सामग्रीयो के उचित रख रखाव हेतु निर्देशित किया गया। | ए.एन.एम. |
| उपकेन्द्र पर कण्डोम बॉक्स नही लगा था। | इकाई में यथा शीघ्र कंण्डोम बॉक्स लगाने तथा नियमित रूप से भरने का सुझाव दिया गया। | ए.एन.एम. |
| उपकेन्द्र पर आई0यू0सी0डी0 एवं पी0पी0 आई0यू0सी0डी0 की सुविधा लाभार्थियों को नही दी जा रही है। | केन्द्र पर उपकरणों की व्यवस्था कर प्रक्षिशित स्टाफ द्वारा आई0यू0सी0डी0 एवं पी0पी0 आई0यू0सी0डी0 की सेवा कियाशील करने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ ए.एन.एम. |
| बायोमेडिकल वेस्ट का समुचित निस्तारण नही किया जा रहा है। | बायोमेडिकल वेस्ट का मानकनुसार निस्तारण हेतु सुझाव दिया गया। | ए.एन.एम. |

वी0एच0एन0डी0,जयनाटा, ब्लाक–नरौली

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन ए.एन.एम. प्रियंका एवं आशा ममता गुप्ता द्वारा किया जा रहा था। | ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का आयोजन उचित स्थान चिन्हित किये जाने हेतु ए.एन.एम. को निर्देशित किया गया जहाँदिवस मे आने वाले लाभार्थियों की उचित जाँच सम्भव हो। | ए.एन.एम. |
| ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर बच्चों के वजन मापने की मशीन उपलब्ध नही थी और न ही आँगनबाडी द्वारा दिवस मे सहयोग किया जा रहा था। | ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर आँगनबाडी का उचित सहयोग लिया जाय एवं बच्चों के वजन मापने की मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय। | प्रभारी चिकित्साधिकारी/ ए.एन.एम. |
| आशा के पास माइक्रोप्लान प्रति एवं ग्राम स्वास्थ्य सूचकांक रजिस्टर भ्रमण के दौरान उपलब्ध नही पाया गया। | प्रत्येक सत्र का माइक्रोप्लान एवं ग्राम स्वास्थ्य सूचकांक रजिस्टर सत्र के दौरान उपस्थित रखने हेतु निर्देशित किया गया। | ए.एन.एम./आशा |
| सत्र की ड्यू लिस्ट 43 के सापेक्ष दोपहर 1:30 बजे तक मात्र 10 लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया था। | सत्र पर लक्ष्य के सापेक्ष अत्यंत कम उपलब्धि पर ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को टीकाकरण स्थल तक लाने के लिए आशा, ए0एन0एम0 एवं आँगनबाड़ी को निर्देशित किया गया। | ए.एन.एम./आशा |
| आशा एवं ए.एन.एम. द्वारा डब्लू.एच.ओ. के पूर्व प्रपत्रों का इस्तेमाल डाटा संकलन में किया जा रहा था | निर्धारित नवीन प्रपत्र ब्लॉक यूनिट से प्राप्त कर उपयोग करने का सुझाव दिया गया | ए.एन.एम./आशा |

जनपद सम्भल की चिकित्सा इकाईयों का भ्रमण करने के पश्चात पर्यवेक्षणीय बिन्दुओ के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को अवगत करानें के साथ ही फालोअप किया गया। उक्त के क्रम में चिकित्सा इकाई द्वारा, अंकित भ्रमण बिन्दुओं के सापेक्ष सुधारात्मक कार्यवाही की जा चुकी है। (पत्र/3) जो कि निम्नवत् है–

1. **सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–बहजोई**
    1. चिकित्सा इकाई में कण्डोम बाक्स स्थापित किया जा चुका है।
    2. बी0सी0पी0एम0 द्वारा आशा पेमेण्ट वाउचर का सत्यापन किया जा रहा है।
    3. प्रसव कक्ष में इमरजेन्सी किट व्यवस्थित कर ली गयी है।
2. **प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर–गुमथल**
    1. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के कमरे की सफाई करायी जा चुकी है। आवश्यक उपकरण एवं अन्य सामान व्यवस्थित कर लिया गया है।
    2. चिकित्सा इकाई में गर्भनिरोधक सामग्री का स्टाक रजिस्टर तथा वितरण रजिस्टर बना लिया गया है।
    3. चिकित्सा इकाई पर पीने के पानी की व्यवस्था की जा चुकी है।
    4. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर के चिकित्साधिकारी को लैपटाप उपलब्ध कराया जा चुका है।
3. **उप केन्द्र स्तरीय हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर–आटा**
    1. हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर मधुमेह की औषधि उपलब्ध करायी जा चुकी है।
    2. चिकित्सा इकाई में गर्भनिरोधक सामग्री का स्टाक रजिस्टर तथा वितरण रजिस्टर बना लिया गया है।

3. चिकित्सा इकाई में कण्ड्रोम बाक्स स्थापित किया जा चुका है।

उपरोक्त सुधारात्मक कार्यवाही के साथ ही शेष भ्रमण बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या राज्य स्तर पर उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी जनपद सम्भल को प्रेषित किये जाने वाले पत्र का स्वच्छालेख पत्रावली में दाहिनी ओर रक्षित है।

सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

TL-MNC
29/6/21
अजय कुमार शर्मा
टीम लीडर-एम०एन०यू०पी०
एस०पी०एम०यू०, एन०एच०एम०, यू०पी०

मो० काशिफ, (स्टेट मैनेजर)
एफ०पी० एण्ड एल०एम०आई०एस०
एस०पी०एम०यू०, एन०एच०एम०-यू०पी०
29-06-21

29.06.21
M. P. YADAV
DGM (MIS)